हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 19 अगस्त 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

06 बैराखेड़ी फाटा-चौबाराधीरा मार्ग पर...



08 जिला अस्पताल के कई टॉयलेट व शौचालय...



खबर संक्षेप



बंशीलाल गुर्जर किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने

मंदसौर। भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए मंदसौर के वरिष्ठ किसान नेता एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर को किसान मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा घोषित नई राष्ट्रीय टीम में बंशीलाल गुर्जर को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति को मालवा-निमाड़ क्षेत्र सहित पूरे मध्य प्रदेश के लिए बड़ी राजनीतिक उपलब्धि माना जा रहा है। किसान राजनीति से राष्ट्रीय नेतृत्व तक पहुंचे बंशीलाल गुर्जर का राजनीतिक सफर लगभग तीन दशक लंबा रहा है। मंदसौर जिले के ग्राम लालघाटी से जुड़े गुर्जर ने जमीनी स्तर पर किसान हितों की लड़ाई लड़ते हुए अपनी अलग पहचान बनाई। वे लंबे समय तक कृषि उपज मंडी की राजनीति से जुड़े रहे और किसान संगठनों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। बंशीलाल गुर्जर भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं तथा भाजपा किसान मोर्चा में भी विभिन्न जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। संगठन में उनकी सक्रियता और किसानों के बीच मजबूत पकड़ को देखते हुए भाजपा नेतृत्व ने उन्हें राष्ट्रीय किसान मोर्चे की कमान सौंपी है। वर्ष 2024 में राज्यसभा सांसद बनने के बाद उनका राजनीतिक कद और बढ़ा। इससे पहले वे भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। किसान, ग्रामीण और ओबीसी वर्गों में उनकी मजबूत स्वीकार्यता को देखते हुए यह नियुक्ति महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मंदसौर-नीमच अंचल के लिए यह गौरव का विषय है कि क्षेत्र का एक किसान नेता अब राष्ट्रीय स्तर पर किसानों की आवाज को मजबूती से उठाएगा। उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

परमात्मा का वर्षीदान वरघोड़ा नगर में निकाला गया, भक्तों की उमड़ी भीड़

नेमीनाथ भगवान के दीक्षा कल्याणक के मौके पर समाजजनों ने निकाली भगवान की शाही बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा











जैन धर्म के 22 वे तीर्थंकर अहिंसा, करुणा और जीव दया के साक्षात प्रतिक परमात्मा नेमिनाथ प्रभु के जन्म एवं दीक्षा कल्याण के अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत मंगलवार को जैन समाज द्वारा नगर में नेमीनाथ भगवान की शाही बारात और परमात्मा का भव्य वर्षीदान वरघोड़ा निकाला गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज जनों एवं महिलाओं द्वारा भाग लिया गया। स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज द्वारा जैन धर्म के 22 वे तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का जन्म एवं दीक्षा कल्याणक महोत्सव नगर में चातुर्मास हेतु विराजित

कलिकुण्ड तीर्थोद्धारक प.पू. राजेन्द्र सूरीश्वर जी म.सा. की आज्ञानुवर्ती प.पू. साध्वी श्री राजगुणा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 4 की पावन निश्रा में मनाया गया। सोमवार को नगर में सौधर्म इंद्र की शोभा यात्रा प्रातः 8 बजे लाभार्थी अमित कुमार सुमित कुमार ज्ञानचंद तातेड परिवार के निवास स्थान नीमा कॉलोनी से निकाली गई। प्रातः 9 बजे जैन आराधना भवन, हनुमान मंडी, नलखेड़ा पर परमात्मा का भव्य स्नात्र महोत्सव मनाया गया। जहां पर मेरु पर्वत की प्रतिकृति बनाई गई थी जिस पर परमात्मा को विराजित कर 64 इंद्र तथा 56 दीप कुमारियों द्वारा परमात्मा का शक्रस्तव अभिषेक कर स्नात्र महोत्सव मनाया जाकर अष्टप्रकारी पूजन की गई। स्नात्र महोत्सव के लाभार्थी सुरेश कुमार पुनीत कुमार काठेड़ परिवार रहा। संजय भाई छाजेड सुवासरा द्वारा सुमधुर संगीत की स्वर लहरियो के साथ स्नात्र महोत्सव संपन्न करवाया गया।

भगवान के माता-पिता बनने का लाभ ज्ञानचंद राहुल कुमार फाफरिया परिवार द्वारा लिया गया। भगवान की माता द्वारा देखे गए 14 स्वप्न का अति भव्य सुंदर कार्यक्रम की प्रस्तुति भी हुई। प्रिया वंदना दासी द्वारा महाराजा तथा प्रजा जन को पुत्र जन्म की बधाइयां दी गई। दोप. 12 बजे जैन श्वे. धर्मशाला, चौक बाजार, नलखेड़ा पर स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम श्री संघ की ओर से रखा गया था। भगवान के जन्म कल्याणक के इस शुभ अवसर पर श्री गिरनार तीर्थ भाव यात्रा एवं भक्ति संध्या का आयोजन रात्रि 7:30 बजे से जैन आराधना भवन, हनुमान मंडी, नलखेड़ा पर आयोजित हुआ। जिसमें प्रसिद्ध मिहिर शाह एवं गिरनार भक्ति युवा समिति ग्रुप, बड़ोदरा द्वारा धार्मिक भजनों के साथ गिरनार महातीर्थ की संगीतमय भाव यात्रा की प्रस्तुति दी गई। 18 अगस्त मंगलवार को परमात्मा की शाही बारात सुबह 9 बजे गाजे बाजे के साथ जैन चंद्रप्रभु मंदिर से निकाली गई। नेमकुमार की भव्य बारात के लाभार्थी सुरेश कुमार पुनीत कुमार कांठेड़ परिवार बाराती के रूप में सज धज कर सकल श्री संघ के साथ मिलकर बारात के रूप में नगर में निकले। इसमें भगवान नेमकुमार को दूल्हे के रूप में लेकर लाभार्थी परिवार सुसज्जित रथ में विराजित था। पहली बार नगर में निकाली गई भगवान की बारात प्रमुख मार्गो से जैन आराधना भवन हनुमान मंडी पर पहुंची। जहां बारात के समापन पर नेमझराजुल संवाद नाटिका का अद्भुतझअनुपम कार्यक्रम हुआ। जिसमें भावनात्मक प्रस्तुति दी गई। संवाद समापन के पश्चात आराधना भवन से गाजे बाजे एवं ढोल ढमाकों के साथ परमात्मा का भव्य वर्षीदान वरघोड़ा नगर में निकाला गया। जिसमें लाभार्थी राजेंद्रकुमार रवि कुमार सकलेचा परिवार परमात्मा नेम कुमार को लेकर विराजित था तथा दोनों हाथों से वर्षी दान के रूप में सांसारिक वस्तुओं को लुटाया जा रहा था। प्रमुख मार्गो से होता हुआ वर्षीदान वरघोड़ा आराधना भवन पर पहुंचा जहां पर परमात्मा की दीक्षा संबंधी विधि संपन्न हुई। दोप. 12 बजे जैन श्वे. धर्मशाला, चौक बाजार पर स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम श्री संघ की ओर से रखा गया था।

मंदसौर में स्कॉर्पियो ने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्री घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



मन्दसौर जिले के डिगांव क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्री को टक्कर मार दी। हादसे में पिता गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बेटी को भी चोटें आई हैं। टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायलों को एक राहगीर ने निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल पिता को उदयपुर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार गुर्जरबर्डिया निवासी महेश सेन (50) अपनी पुत्री सलोनी सेन (19) के साथ मोटरसाइकिल से किराने का सामान लेने मंदसौर आ रहे थे। इसी दौरान डिगांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों घायल सड़क पर पड़े रहे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे समरथ गुर्जर ने मानवता का परिचय देते हुए घायलों को अपने निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया। चिकित्सकों के अनुसार महेश सेन के सिर में गंभीर चोट आई है। उनके सिर पर 20 से अधिक टांके लगाए गए हैं। इसके अलावा एक हाथ और एक पैर में फ्रैक्चर हुआ है।

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश स्तरीय आह्वान पर 17 अगस्त को जिला इकाई आगर मालवा के द्वारा 25 सूत्री मांगों का ज्ञापन राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अनिल सोनी एवं उनकी टीम के साथ डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई को सौंपा गया। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश से नियुक्त भारतीय मजदूर संघ के सह विभाग प्रमुख राजू लोधी सम्मिलित हुए। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के साथ भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई आगर मालवा के पदाधिकारी, आउटसोर्स, शिक्षा विभाग के कर्मचारी ,कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग आंगनवाड़ी, तुलावटी हम्माल कार्यकर्ता, बिजली विभाग कर्मचारी, पंचायत सचिव,पटवारी संघ आदि विभिन्न संगठनों के कर्मचारी पदाधिकारी उक्त आंदोलन में सम्मिलित रहे। कार्यक्रम के अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ से आगर ब्लॉक के अध्यक्ष अनिल सोनी बीएसी , बड़ोद ब्लॉक अध्यक्ष अनिल दामके प्राचार्य उमावि, नलखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष सतीश नागर बीएसी, सुसनेर ब्लॉक अध्यक्ष योगेश मेघवंशी के साथ जिले के पदाधिकारी जिसमें संगठन मंत्री जगदीश बेगाना, जिला सचिव अक्षय धोहरे, जिला कोषाध्यक्ष महावीर जैन,जिला उपाध्यक्ष पंकज जोशी एवं नितिन रघुवंशी पटवारी संघ के अध्यक्ष एवं भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष अमित जोशी महामंत्री राकेश पड़ीहार, हेमलता जोशी एवं अन्य पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ शासन से मान्यता प्राप्त एकमात्र मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा संगठन है जिसमें शासन के 55 विभाग सम्मिलित है और राज्य कर्मचारी संघ 55 विभाग का प्रतिनिधित्व करता है।



भवन कॉन्वेंट स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

मंदसौर। भवन कॉन्वेंट हाई स्कूल, रेवास देवड़ा में 15 अगस्त को देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रध्वज फहराकर एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। इस अवसर पर स्कूल संचालक प्राचार्य शैलेंद्र नागर एवं गणमान्य जन उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए देश की एकता, अखंडता एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश की प्रगति, शांति और एकता के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया। पूरा विद्यालय परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्राचार्य शैलेंद्र नागर ने कार्यक्रम की सराहना की और सभी गणमान्य जन को धन्यवाद किया तथा सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

विद्यालय परिसर में लगवाए गए पौधे वर्तमान में बड़े-बड़े वृक्षों का रूप में ले चुके हैं

पर्यावरण प्रेमी शिक्षक की पहल रंग लाई वर्षों से लगा रहे हैं अनेक प्रजातियों के पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा /मंदसौर



देश में केंद्र राज्य सरकारों सहित अनेक संस्थाएं पर्यावरण की रक्षा हेतु पौधारोपण कर देश व प्रदेश को हरियाली का आवरण पहनाकर पर्यावरण को सुदृढ़ करने में लगे हुए हैं परंतु किसी एक व्यक्ति द्वारा विगत 27 वर्षों सब पोदारोपण के जुनून को जिंदा रखते हुए अनेक प्रजातियों के पौधे लगवा चुके हैं जो आज छोटे से पौधों से बढ़कर बड़े-बड़े छायादार वृक्षों के रूप में आच्छादित हो पर्यावरण को सुरक्षित कर रहे हैं। नगर के सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ शिक्षक व पर्यावरण प्रेमी राजेश बंडवाल द्वारा सन 1999 से लेकर वर्तमान तक कई पोधों का पौधारोपण कर उनकी अनवरत रूप से देख रेख कर उन्हें वृक्ष बना दिया है। वर्तमान में भानपुरा तहसील के गांव कातना के प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक राजेश बंडवाल जो पूर्व में भानपुरा नगर के प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 3 में पदस्थ रहते हुए आपने अभीतक का जीवन छात्र/छात्राओं और विशेष कर उन पौधों को समर्पित कर दिया ,जिन्हें वे बहुत प्यार करते हैं। उनकी यह यात्रा सन 1998 में उनके नियुक्ति के पश्चात प्रारंभ हुई। प्रथम पौधा उन्होंने 17 अगस्त सन 1999 में स्वर्गीय शिक्षक चुन्नीलाल दुआ के साथ अपने शासकीय प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 3 के परिसर में आरोपित किया था ,प्रथम पौधा पीपल और अंग्रेजी इमली का रोपण गया बस यही से उनकी यह पर्यावरण के प्रति यात्रा प्रारंभ हुई।

अनवरत रूप से इनके देखरेख करते हुए हर तरह के सब प्रकार के विरोधाभासों से दूर रहते हुए उन्होंने इन पौधों का बराबर संरक्षण करना ही अपना ध्येय समझा । अगले वर्ष सन 2000 में उन्होंने चांदनी का पौधा आरोपित किया कहीं से रुपए इकट्ठे करके और उसको ट्रिगार्ड भी लगाया गया और उसे भी आगे के लिए देखेंरेख करते रहे अगले वर्ष सन 2001 में उन्होंने बोगस बेल का पौधा स्कूल के दरवाजे पर लगाया जो आज भी लहरा रहा है। सन 2002 में उनके द्वारा एक लैवेंडर का पौधा और साथ में एक और बोगस बेल का पौधारोपित किया गया इसी प्रकार से उनकी देखरेख में अनवरत रूप से करते रहे यही नहीं उन्होंने स्कूल के अंदर या दरवाजे के पास बाहर भी जहां से स्कूल के प्रवेश द्वार होता है गमले लगाएं और उन गमले में शानदार फूलदार पौधों का पौधारोपण किया गया अगले बरस 2003 में इन्हीं के द्वारा दो नीम के पौधेऔर एक पीपल के पौधे का पुनःरोपण किया गया जो परिसर के उस तरफ होने के कारण कई बार आसामाजिक तत्वों के द्वारा उखाड़ कर फेंक दिए गए और उन पर जो ट्रीगार्ड लगे थे वे भी चोरी कर लिये गये, सन 2004 में पुनः तत्कालीन प्रधान अध्यापक भानु प्रताप सिंह चौहान के साथ मिलकर के उन्होंने एक नीम वृक्ष लगाया जो आज भी लहरा रहा है । इसी प्रकार से 2005 में उन्होंने एक शीशम का पौधा लगाया जो पौधा आज वृक्ष का रूप ले चुका है उनकी इस यात्रा में उनके पूरे स्टाफ का साथ रहा।

सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

नलखेड़ा। सरस्वती शिशु मंदिर में मंगलवार को महान स्वतंत्रता सेनानी एवं आजाद हिंद फौज के वीर सेनानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक प्रजापति ने भैया-बहनों को नेताजी के जीवन, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति से परिचित कराया। प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक (ओडिशा) में हुआ था। वे बचपन से ही प्रतिभाशाली, अनुशासनप्रिय और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत थे। उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की और भारतीय सिविल सेवा की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के बाद भी अंग्रेजी शासन की नौकरी को स्वीकार नहीं किया, क्योंकि उनके लिए राष्ट्रसेवा सर्वोपरि थी। नेताजी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए सशक्त एवं संगठित संघर्ष का मार्ग अपनाया। उन्होंने आजाद हिंद फौज का नेतृत्व करते हुए भारतीयों में स्वतंत्रता और राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल किया। उनका प्रसिद्ध आह्वान ह्तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगाह्व देशवासियों में अदम्य साहस और त्याग की भावना जगाने वाला बना। उन्होंने आजाद हिंद सरकार की स्थापना कर भारत की स्वतंत्रता के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थन जुटाने का प्रयास किया। नेताजी का जीवन हमें साहस, अनुशासन, त्याग, नेतृत्व और मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। प्रधानाचार्य ने भैया-बहनों से कहा कि हमें नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने राष्ट्र, समाज और विद्यालय के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए।



कलेक्टर ने की शासन संधारित देवस्थानों की विस्तृत समीक्षा

देव स्थानों की जमीनों के संरक्षण को प्राथमिकता दें: डॉ. मीना

बगलामुखी देवी मंदिर की जमीनों का सीमांकन करवाकर वायर फेंसिंग का कार्य करवाया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





शासन द्वारा संधारित सभी शासकीय देवस्थानों की जमीनों एवं अचल संपत्तियों के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर एवं नलखेडा का बगलामुखी देवी मंदिर की जमीनों का सीमांकन करवाकर वायर फेंसिंग का कार्य करवाया जाए। देवस्थान प्रबंधन समिति के आय-व्यय के लेखा-जोखा का ऑडिट करवाएं। यह निर्देश कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष, आगर में आयोजित शासन संधारित देवस्थान की आय-व्यय एवं प्रबंधन संबंधी समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव एवं एसडीएम मिलिंद ढोके सहित डिप्टी कलेक्टर एवं तहसीलदार उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 738 शासन संधारित देवस्थान हैं। जिले में कुल 546 पुजारी नियुक्त हैं। देवस्थानों की जमीनें खसरे में कलेक्टर प्रबंधक के नाम से दर्ज हैं। कलेक्टर ने सभी शासन संधारित देव स्थानों का डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बाबा बैजनाथ मंदिर प्रबंधन समिति की तीन धर्मशालाएं, तीन दुकानें और 41 हेक्टेयर जमीन है। मंदिर समिति के खाते में कुल 1.70 करोड़ रुपये की राशि जमा है। मंदिर समिति द्वारा 13 कर्मचारी नियुक्त हैं। सावन माह में दो गार्ड व दो अतिरिक्त कर्मचारी तैनात हैं। कलेक्टर ने देव स्थानों की मूल्यवान वस्तुओं को कोषालय में जमा करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नलखेड़ा मंदिर प्रबंधन समिति 18 सुरक्षा गार्ड और नियुक्त करें। मंदिर समिति अपने बैरिकेड्स बनवाएं तथा लोक निर्माण विभाग के बैरिकेड्स वापस करें। कलेक्टर ने जिला स्तरीय देवस्थान समिति की बैठक भी अगले माह आयोजित करने के निर्देश देवस्थान प्रभारी को दिए हैं।

खबर संक्षेप

नगर भ्रमण पर निकले भगवान भोलेनाथ



चापड़ा। सावन माह के प्रत्येक सोमवार को भगवान भोलेनाथ की पालकी यात्रा नगर में निकाली जाती है। इसी के चलते सावन माह के तीसरे सोमवार को नगर में भव्य रूप से खुली जीप में सवार होकर भोलेनाथ नगर भ्रमण पर निकले। जगह-जगह नगरवासियों द्वारा भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान रामायण मंडल चापड़ा द्वारा हनुमान मंदिर के पास शिव सवारी का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शिव सवारी में युवा हाथों में झांझ मंजीरा लेकर भगवान भोलेनाथ की भक्ति में झूमते हुए नजर आ रहे थे। हाटपीपल्या मार्ग पर स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर से भोलेनाथ की पालकी यात्रा प्रारंभ हुई, जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। जहां पर महा आरती कर यात्रा का समापन किया। आरती के पश्चात प्रसादी का वितरण हुआ।

भक्ति में बच्चे भी नहीं पीछे, कांवड़ लेकर पहुंचे झरनेश्वर महादेव

भौरासा। सावन माह में नगर का माहौल पूरी तरह शिवमय बना हुआ है। इसी भक्तिमय माहौल में अब नन्हे बच्चे भी भगवान भोलेनाथ की भक्ति में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते नजर आ रहे हैं। नगर से छोटे-छोटे बच्चों का एक जत्था अपने कंधों पर कांवड़ लेकर करीब 8 किलोमीटर दूर झरनेश्वर महादेव मंदिर के लिए पैदल रवाना हुआ। बच्चों ने पूरे रास्ते श्रद्धा और उत्साह के साथ कांवड़ यात्रा पूरी की। मंदिर पहुंचकर बच्चों ने भगवान झरनेश्वर महादेव का मां नर्मदा एवं पवित्र जल से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की और भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि की कामना की।

हादसों के बाद भी नहीं जागा लोक निर्माण विभाग, तीन माह से बदहाल सड़क

बैराखेड़ी फाटा-चौबाराधीरा मार्ग पर गड्ढे जलभराव व झाड़ियों से हादसों का खतरा

ग्रामीणों ने जिम्मेदारों से हादसों का खतरा बनी सड़क की मरम्मत के साथ सुरक्षा इंतजामों की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



बैराखेड़ी फाटा से चौबाराधीरा जाने वाले मार्ग की बदहाली को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, कीचड़ और जलभराव के साथ सड़क किनारे उगी झाड़ियां वाहन चालकों और पैदल यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि हादसों के बाद भी लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क की स्थिति सुधारने और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। वर्तमान में सावन माह के चलते बैराखेड़ी फाटा से चौबाराधीरा स्थित गोपेश्वर महादेव मंदिर तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ गई है। कांवड़ और कलश लेकर पैदल श्रद्धालु इसी मार्ग से गुजर रहे हैं। दूसरी ओर मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में सड़क की खराब स्थिति और सुरक्षा इंतजामों की कमी हादसे का कारण बन सकती है।

गहरे गड्ढे बने हादसों का कारण

बारिश के कारण सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। कई स्थानों पर सड़क पर कीचड़ जमा है। इससे दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा बना हुआ है। चौबाराधीरा मुक्तिधाम की पुलिया के पास भी जलभराव और फिसलन की स्थिति बनी हुई है। वहीं, मार्ग के कई खतरनाक मोड़ों पर सड़क किनारे उगी झाड़ियों के कारण सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते। ग्रामीणों ने इन झाड़ियों की तत्काल सफाई कराने की मांग की है।

तीन मौतों के बाद भी सुरक्षा इंतजाम अधूरे

ग्रामीणों के अनुसार, 17 मई 2026 को बैराखेड़ी के पास खतरनाक अंधे मोड़ पर प्याज से भरी गाड़ी पलटने से तीन मजदूरों की मौत हो गई थी। हादसे के बाद ग्रामीणों ने खतरनाक मोड़ पर सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की थी, लेकिन अब तक पर्याप्त चेतावनी संकेतक और अन्य सुरक्षा उपाय नजर नहीं आ रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक पिछले करीब तीन महीनों में क्षेत्र के मार्ग पर हुए दो हादसों में पांच लोगों की जान जा चुकी है। बैराखेड़ी के पास हुए हादसे में तीन मजदूरों की मौत हुई थी, जबकि पटाड़िया ताज स्थित कालीसिंध नदी के पुल के पास अंधे मोड़ पर हुए हादसे में दो लोगों की जान चली गई थी।




ग्रामीणों ने उठाए सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि हादसों के संभावित कारण और खतरनाक स्थान विभाग के संज्ञान में हैं। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत, झाड़ियों की सफाई, स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेतक लगाने जैसे जरूरी कार्य नहीं किए गए हैं। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि क्या जिम्मेदार विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? उन्होंने बैराखेड़ी फाटा-चौबाराधीरा मार्ग का तत्काल निरीक्षण कराने, गड्ढों की मरम्मत, जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान, खतरनाक मोड़ों पर स्पीड ब्रेकर एवं स्पष्ट चेतावनी संकेतक लगाने और सड़क किनारे उगी झाड़ियों की सफाई कराने की मांग की है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के ईई मोहन डेहरिया ने बताया कि संबंधित ठेकेदार को सड़क की मरम्मत, झाड़ियों की सफाई सहित आवश्यक कार्य कराने के लिए नोटिस दिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सड़क किनारे उगी झाड़ियों की साफ-सफाई कराई जाएगी।

ईटीपी संचालन की जांच करने कंपनी पहुंचा प्रशासन

निरीक्षण में टीम ने परखी व्यवस्थाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शिप्रा नदी में मिल रहे प्रदूषित पानी को लेकर प्रशासन ने औद्योगिक इकाइयों की निगरानी तेज कर दी है। मंगलवार को इंडस्ट्री एरिया स्थित नवीन फ्लुओरीन कंपनी में प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण विभाग और नगर निगम की टीम ने निरीक्षण किया। टीम ने कंपनी में प्रदूषण नियंत्रण के इंतजामों और ईटीपी के संचालन की स्थिति की जानकारी ली।

एसडीएम अभिषेक शर्मा ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य कंपनी में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी लेना और यह देखना था कि कंपनी प्रदूषण रोकथाम के लिए किस स्तर पर सहयोग कर सकती है। कंपनी में ईटीपी संचालित होना बताया गया है।गौरतलब है कि पिछले दिनों उज्जैन से आए साधु-संतों ने शिप्रा नदी में मिल रहे प्रदूषित पानी को लेकर देवास क्षेत्र का निरीक्षण किया था। इस दौरान शिप्रा के आसपास स्थित कुछ औद्योगिक इकाइयों का भी जायजा लिया गया था। प्रदूषित पानी को लेकर चिंता जताए जाने के बाद प्रशासन और संबंधित विभागों ने बैठक कर स्थिति की समीक्षा की थी।बैठक में शिप्रा को प्रदूषण मुक्त करने तथा औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले पानी के उचित निपटान को लेकर कार्ययोजना पर चर्चा हुई थी। प्रशासन की ओर से पूरी प्रक्रिया को करीब पांच से छह माह में पूरा करने की बात कही गई है। वहीं साधु-संतों ने समस्या का स्थायी समाधान तय समय से पहले करने की मांग की है। एसडीएम शर्मा ने कहा कि ईटीपी का संचालन किया जा रहा है और प्रदूषण से जुड़े सैंपल की जांच जारी है। प्रशासन की निगरानी में आगे भी औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण और आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी।

ग्रामीणों द्वारा आयोजित किया जा रहा राम रसोड़ा

चापड़ा। सावन माह प्रारंभ होते ही राजस्थान में स्थित बाबा रामदेव दर्शन के लिए यात्रियों का आवागमन शुरू हो जाता है। यात्रियों की सेवा के लिए ग्राम इकलेरा फाटे पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। जहां पर निःशुल्क सुविधा उपलब्ध रहती है। ग्राम इकलेरा के सभी ग्रामीणों द्वारा हाटपीपल्या मार्ग पर इकलेरा फाटे पर निःशुल्क राम रसोड़ा का आयोजन विगत 5 वर्षों से किया जा रहा है। इस वर्ष भी राम रसोड़ा का आयोजन किया जा रहा है,जो कि लगभग एक माह तक चलेगा। रामदेवरा जाने वाले यात्रियों के लिए भोजन नाश्ता और ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। गांव के सभी ग्रामीण व महिलाएं दिन-रात यात्रियों की सेवा के लिए राम रसोड़ा पर उपलब्ध रहते हैं। रसोड़ा के बाहर मार्ग पर ग्रामीण हाथों में बाबा रामदेव का झंडा लेकर बैठे रहते हैं। पैदल जाने वाले एवं वाहनों से जाने वाले यात्रियों को रोककर उन्हें चाय नाश्ता व भोजन कराया जाता है।

लोहारदा से कांटाफोड़ तक कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, निकाली विशाल किसान बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



कांग्रेस कमेटी द्वारा किसानों के मुद्दों और संगठन की मजबूती को लेकर लोहारदा में विशाल किसान बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विष्णु मीणा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। विशाल संख्या में कार्यकर्ताओं के पहुंचने से लोहारदा से कांटाफोड़ तक कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन देखने को मिला। रैली का काफिला लोहारदा के प्रमुख मार्गों से होता हुआ कांटाफोड़ पहुंचा। कांटाफोड़ पहुंचने के बाद नगर के विभिन्न मार्गों से होकर रैली पुनः लोहारदा की ओर रवाना हुई। रैली के माध्यम से कांग्रेस ने किसानों और आमजन के मुद्दों को लेकर अपनी आवाज बुलंद करने तथा संगठन की एकजुटता का संदेश दिया। रैली में कांग्रेस नेता निर्मल पुरोहित, अंकुश सारडा, योगेश पटौदी, अभिषेक जोशी, अभिषेक भट्ट, देवेंद्र मीणा, पार्षद प्रमिला सिरसोट सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे। महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर पूरे जोश और उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रैली के लोहारदा मंडी पहुंचने के बाद मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने अपने संबोधन में भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली को लेकर तीखे तेवर दिखाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से किसानों एवं आमजन की समस्याओं को मजबूती से उठाने का आह्वान किया।

नगर भ्रमण पर निकले बाबा भंवरनाथ महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

सावन मास के पावन सोमवार पर भगवान बाबा भंवरनाथ महाराज की भव्य शाही सवारी निकाली गई। फूलों की लड़ियों से सजी आकर्षक पालकी में बाबा भंवरनाथ महाराज विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। सवारी के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बाबा का स्वागत किया। पूरे नगर में 'बम-बम भोले' के जयघोष गूंजते रहे।रपट मंडली के तत्वावधान में निकली शाही सवारी बाबा भंवरनाथ मंदिर प्रांगण से शाम 5 बजे प्रारंभ हुई।

गुलाब और मोगरे के फूलों से सजी पालकी को युवाओं ने अपने कंधों पर उठाया। सवारी टंकी चौराहा, माली मोहल्ला होते हुए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पहुंची, जहां भगवान भोलेनाथ के मंदिर में पूजन-अर्चन एवं आरती की गई। इसके बाद सवारी बड़ा हनुमान चौक, त्रिमूर्ति चौक होते हुए छोटा हनुमान चौक पहुंची। छोटा हनुमान चौक पर भौरासा प्रेस क्लब की ओर से बाबा भंवरनाथ महाराज की सवारी का पुष्पमाला पहनाकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।



सवारी के दौरान ढोल, डीजे, झांझ-मंजीरों की धार्मिक धुनों के बीच श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। बाबा की पालकी के मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प बिछाकर अपनी आस्था प्रकट की।अंत में शाही सवारी पुनः बाबा भंवरनाथ मंदिर परिसर पहुंची, जहां पूजन-अर्चन एवं आरती के बाद प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

भारतीय मजदूर संघ ने निकाली रैली, कलेक्टर कार्यालय पर किया प्रदर्शन

पीएम के नाम 11 और सीएम के नाम 53 मांगों का ज्ञापन सौंपा





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री महेंद्र सिंह परिहार ने बताया भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय आह्वान पर जिला मुख्यालय देवास में मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर रैली निकाली गई। कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड़ के नेतृत्व में भोपाल चौराहा स्थित शिवाजी पार्क से रैली प्रारंभ हुई, कलेक्टर कार्यालय पहुंची। यहां मजदूर हितों से जुड़ी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री के नाम 11 सूत्रीय एवं मुख्यमंत्री के नाम 53 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर तिलवारी को सौंपा गया।

मजदूरों की प्रमुख मांगें

भारतीय मजदूर संघ ने मांग की कि न्यूनतम मजदूरी बढ़ाकर 30 हजार रुपए प्रतिमाह की जाए। कर्मचारी राज्य बीमा निगम की वेतन सीमा 21 हजार से बढ़ाकर 42 हजार रुपए की जाए।

न्यूनतम कर्मचारी पेंशन योजना पेंशन 7,500 रुपए प्रतिमाह की जाए तथा इसमें महंगाई भत्ता और चिकित्सा सुविधा भी शामिल की जाए। इसके साथ ही कर्मचारी भविष्य निधि की वेतन सीमा 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार रुपए, बोनस की गणना की वेतन सीमा 7 हजार से बढ़ाकर 18 हजार रुपए तथा बोनस पात्रता की वेतन सीमा 21 हजार से बढ़ाकर 42 हजार रुपए किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में योजना कर्मियों का मानदेय बढ़ाने, समान काम के लिए समान वेतन देने, श्रम कानूनों से मजदूर विरोधी प्रावधान हटाने तथा ग्रेच्युटी की सीमा बढ़ाकर 40 लाख रुपए किए जाने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। भारतीय मजदूर संघ ने मजदूरों को उनके श्रम के अनुरूप सम्मानजनक वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की। गायकवाड ने कहाकि मजदूरों की समस्याओं और अधिकारों को लेकर भारतीय मजदूर संघ लगातार संघर्ष कर रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग की गई है कि मजदूरों की लंबित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए।

आयोजित हुए कार्यक्रम में देवास-शाजापुर विभाग प्रमुख अजय उपाध्याय, सुशील पांडे, ओमप्रकाश रघुवंशी, जनार्दन पैठनकर, प्रवीण मिश्रा, दिलीप सोनी, माखनसिंह धाकड़, रामू जामोडीया,नारायण वर्मा, उमेश तिवारी, सुशील पटेल, प्रमोद आचार्य, कैलाश मिश्रा, दिवाकर कारपेंटर, अशोक भोपते, दिलीप चौहान, परमानंद कल्याण गोंड, सुनील पटेल, हीरालाल पटेल, सुरेंद्र चतुर्वेदी, भगवान श्रीवास्तव, पवन प्रजापति, प्रमोद त्रिपाठी, दगा पाटिल, देवीसिंह, नरेंद्र मिश्रा, दिलीप तिवारी, राजेंद्र सिंह, अनिल यादव, कमलेश यादव, रामू जमोड़ीया उमा शंकर सिंह रतनलाल, ज्ञानसिंह ठाकुर, जीवन सिंह मेहरा, शंकर राव धोटे, आत्माराम मालवी, उमाकांत मिश्रा, मगरधे, कुलदीप सिंह राजपूत, महेंद्र गौतम, लोकेश सेन, योगेंद्र पिपले, पंकज परमार, अरुण यादव, जसवंत सिंह राजपूत, धर्मेंद्र जोशी, अभिजीत सिंह बेस, प्रेम नारायण तिवारी, विक्रम सातपुते, पद्माकर फडणवीस, एस.एम. लाम्बोरे, ज्योति वड़ेकर, रविंद्र पाल सिंह तंवर, देवकरण शर्मा, राजेंद्र सोलंकी, अशोक शर्मा, राधेश्याम किसनिया, सुमिरन पटेल, मुकेश चौधरी मंडी, राजेश वर्मा एवं विक्रम गोंड, उमाशंकर सिंह सहित बड़ी संख्या में भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रमिक मौजूद रहे।

मांगों को लेकर दिए गए ज्ञापन का वचन धनंजय गायकवाड ने किया संचालन एवं आभार प्रदर्शन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री महेंद्र सिंह परिहार ने किया।

नाबालिगों की दस्तयाबी और उत्कृष्ट विवेचना में उप निरीक्षक बघेल सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इसी क्रम में चौकी प्रभारी बिजवाड़, उप निरीक्षक विनय सिंह बघेल को नाबालिगों की जिले में सर्वाधिक दस्तयाबी कराने तथा अपराधों की उत्कृष्ट विवेचना के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद द्वारा चौकी प्रभारी बिजवाड़ उप निरीक्षक विनय सिंह बघेल को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बताया गया कि उप निरीक्षक विनय सिंह बघेल के नेतृत्व में कांटाफोड़ एवं बिजवाड़ पुलिस द्वारा नाबालिग बालक-बालिकाओं की गुमशुदगी एवं दस्तयाबी के मामलों में तत्परता से कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई।

खबर संक्षेप

रस्सा बांधकर लकड़ी लादी, बाइक सवार की गर्दन फंसने से मौत

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दैलवारा में नवोदय विद्यालय के पास सड़क पर कथित रूप से रस्सा बांधकर ट्रैक्टरों में लकड़ी लादने के दौरान हादसा हो गया। सड़क से बाइक लेकर गुजर रहे युवक की गर्दन रस्से में फंस गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने छह लोगों पर सड़क पर रस्सा बांधकर लकड़ी लादने और हादसे के बाद शव को सड़क से खींचकर किनारे डालकर मौके से भाग जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम दैलवारा निवासी राजो पत्नी रमेश अहिरवार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति रमेश पुत्र प्यारेलाल 17 अगस्त को दोपहर करीब 1.30 बजे ललितपुर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान नवोदय विद्यालय के पास वह सड़क से मोटरसाइकिल लेकर गुजर रहे थे। मौके पर गांव के ही ठेकेदार बादाम सिंह पुत्र बृजभान सिंह लोधी, रच्चू पुत्र पप्पू कुशवाहा, बाबू पुत्र ननु कुशवाहा, आशीष पुत्र गजराज लोधी, हरी पुत्र भगवानदास लोधी और कैलाश पुत्र रामदीन कुशवाहा ट्रैक्टरों में कथित रूप से लकड़ी लाद रहे थे। आरोप है कि एक ट्रैक्टर सड़क के एक तरफ और दूसरा ट्रैक्टर दूसरी तरफ खड़ा किया गया था। दोनों के बीच सड़क पर रस्सा बांधकर लकड़ी लादने का काम किया जा रहा था। इसी दौरान रमेश मोटरसाइकिल से वहां से गुजरे तो अचानक उनकी गर्दन सड़क पर बंधे रस्से में फंस गई। रस्से में गर्दन फंसने के बाद रमेश मोटरसाइकिल समेत नीचे गिर पड़े। मौके पर ही मौत हो गई।

मां के इलाज को आए युवक की बाइक चोरी

ललितपुर। जिला चिकित्सालय (मेडिकल कॉलेज) में मां का उपचार कराने आए एक युवक की मोटरसाइकिल अस्पताल के बाहर से चोरी हो गई। युवक का आरोप है कि अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों ने उसकी बाइक को पार्किंग के अंदर खड़ा कराने के बजाय गेट के बाहर ही खड़ा करवा दिया था। उपचार कराने के बाद जब वह लौटा तो बाइक मौके से गायब थी। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरी गई मोटरसाइकिल की तलाश शुरू कर दी है। थाना बार के ग्राम व पोस्ट नगारा निवासी रतन लाल पुत्र बन्दू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 4 अगस्त को दोपहर करीब 1.30 बजे अपनी बीमार मां का उपचार कराने के लिए जिला चिकित्सालय/मेडिकल कॉलेज आया था।

पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया

ललितपुर। थाना गिरार पुलिस ने वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी मड़ावरा आलोक कुमार अग्रहरि के पर्यवेक्षण में की गई कार्रवाई में ग्राम कारीटोरन निवासी मुकेश पुत्र सुक्कन, ग्राम हंसरी टौरिया निवासी गुडडू पुत्र नन्हे को गिरफ्तार किया गया। दोनों की गिरफ्तारी 18 अगस्त 2026 को की गई। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर ने पुलिस टीम के साथ की। गिरफ्तार वारंटियों को नियमानुसार संबंधित न्यायालय भेज दिया गया।

खोया मोबाइल बरामद कर स्वामी को लौटाया

ललितपुर। थाना मड़ावरा पुलिस ने तकनीकी मदद से करीब 14,999 रुपये कीमत का खोया हुआ रियलमी मोबाइल फोन बरामद कर उसके स्वामी को सकुशल सुपुर्द कर दिया। मोबाइल वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए आभार जताया। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ मड़ावरा आलोक कुमार अग्रहरि के पर्यवेक्षण में पुलिस ने पोर्टल के माध्यम से कार्रवाई की। पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों को पोर्टल पर अपलोड करने के बाद प्राप्त तकनीकी डेटा का विश्लेषण कर मोबाइल की लोकेशन संबंधी जानकारी जुटाई गई और फोन बरामद कर लिया गया।

सर्वसमाज के लोगों ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की

नाग पंचमी पर मैलवार माता मंदिर में उमड़े श्रद्धालुओं, कीचड़ भरे रास्ते ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बानपुर (ललितपुर)



नगर एवं क्षेत्र में नाग पंचमी का पर्व परंपरागत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। बानपुर स्थित मैलवार माता मंदिर, मानक टीला पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंची। चौरसिया समाज के साथ-साथ सर्वसमाज के लोगों ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता की।

नाग पंचमी के अवसर पर मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने माता को जल अर्पित कर पूजा-अर्चना की। इसके अलावा सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या, कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कन्या भोज के दौरान छोटी-छोटी कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराया गया। शाम के समय भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर ज्योत जलाते हैं। धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र मैलवार माता मंदिर तक पहुंचने के लिए उचित मार्ग नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नाग पंचमी के दिन बारिश और कीचड़ के कारण मंदिर तक पहुंचने वाला रास्ता बेहद खराब हो गया। महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे और युवा कीचड़ से होकर मंदिर तक पहुंचने को मजबूर हुए। कई श्रद्धालुओं के कपड़े और पैर कीचड़ से सन गए। लोगों का कहना है कि नाग पंचमी ही नहीं, बल्कि अन्य दिनों में भी मंदिर में बड़ी संख्या में लोग दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। सुबह श्रद्धालु जल अर्पित करने आते हैं, जबकि शाम को ज्योत जलाने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग मंदिर पहुंचते हैं। ऐसे में रास्ते की समस्या लंबे समय से श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। श्रद्धालुओं के मुताबिक मैलवार माता मंदिर पुरातत्व विभाग के अधीन है, जिसके कारण मंदिर तक मार्ग निर्माण को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में वर्तमान में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। श

रद्धालुओं और ग्रामीणों का कहना है कि यदि चकबंदी के दौरान मंदिर तक पहुंचने के लिए उचित मार्ग निर्धारित कर दिया जाए तो वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो सकता है। ग्रामीणों ने कहा कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी चाहें तो चकबंदी प्रक्रिया के दौरान मंदिर तक आने-जाने के लिए रास्ते की व्यवस्था कर सकते हैं। इससे न केवल स्थानीय लोगों बल्कि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी सुविधा मिलेगी। मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी ललितपुर सहित संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मैलवार माता मंदिर तक उचित एवं सुगम मार्ग बनवाने की मांग की है। श्रद्धालुओं का कहना है कि यदि मंदिर तक पक्का और सुरक्षित रास्ता उपलब्ध हो जाए तो बरसात के दिनों में होने वाली परेशानी से हमेशा के लिए निजात मिल सकती है। श्रद्धालुओं ने कहा कि मैलवार माता मंदिर, मानक टीला क्षेत्र का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है और यहां पूरे गांव के कोने-कोने से लोग दर्शन के लिए पहुंचते हैं। धार्मिक स्थल पहुंचने सुगम मार्ग उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।

अखाड़ा पूजन के साथ श्री जैन वीर व्यायामशाला ने मनाया वार्षिकोत्सव



ललितपुर। नाग पंचमी के पावन पर्व पर श्री जैन वीर व्यायामशाला में अखाड़ा पूजन के साथ वार्षिकोत्सव का आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। व्यायामशाला के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सदस्यों ने वर्षों पुरानी अखाड़ा पूजन की परंपरा का विधिवत निर्वहन किया। इस दौरान जीर्णोद्धाराधीन व्यायामशाला परिसर में भगवान बजरंग वीर, आचार्य विद्यासागर एवं आचार्य समय सागर के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। बताया गया कि श्री वीर व्यायामशाला में पिछले करीब 70 वर्षों से नाग पंचमी के अवसर पर अखाड़ा पूजन की परंपरा चली आ रही है। व्यायामशाला की स्थापना के समय अखाड़े में डाली गई मिट्टी को आज भी सुरक्षित रखा गया है। सदस्यों ने उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अखाड़े का पूजन किया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि व्यायामशाला की शुरुआत करीब सात दशक पूर्व एक छोटी सी कोठरी से हुई थी। समाज के लोगों और वरिष्ठ सदस्यों के निरंतर सहयोग से यह संस्था आज विकसित होकर विशाल जिमनेजियम का रूप ले चुकी है। समय के साथ व्यायाम के आधुनिक साधन और सुविधाएं बढ़ीं, लेकिन व्यायामशाला ने अपनी मूल अखाड़ा परंपरा को आज भी जीवंत रखा है। सदस्यों ने कहा कि अखाड़ा पूजन केवल धार्मिक परंपरा नहीं बल्कि व्यायामशाला की ऐतिहासिक विरासत और संस्कारों से जुड़ा आयोजन है।

पीआरडी जवानों में खुशी की लहर

पीआरडी जवानों के लिए 5 लाख का बीमा व दैनिक भत्ते में 100 रुपए की बढ़ोतरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के जवानों के हित में 5 लाख रुपये के बीमा कवर तथा दैनिक भत्ते में 100 रुपये की बढ़ोतरी की घोषणा किए जाने पर ललितपुर के पीआरडी जवानों में खुशी की लहर दौड़ गई। जवानों ने मुख्यमंत्री की घोषणा को अपने हित में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए प्रदेश सरकार के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से पीआरडी जवानों में उत्साह का माहौल है। जवानों का कहना है कि पीआरडी के सदस्य विभिन्न परिस्थितियों में अपनी सेवाएं देते हैं। ऐसे में बीमा कवर मिलने से उनके और उनके परिवारों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। वहीं दैनिक भत्ते में बढ़ोतरी से जवानों को आर्थिक रूप से भी राहत मिलने की उम्मीद है। इस सौगात के लिए पीआरडी जवानों एवं संबंधित अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यमंत्री, सदर विधायक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, होमगार्ड कमाण्डेड, नगर पालिका अध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, युवा कल्याण अधिकारी तथा प्रांतीय रक्षक दल के प्रति आभार व्यक्त किया। क्षेत्रीय युवा अधिकारी शैलेन्द्र यादव सहित पीआरडी जवानों ने मुख्यमंत्री की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार द्वारा पीआरडी जवानों के हित में लिया गया यह निर्णय उनके मनोबल को बढ़ाने वाला है। जवानों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी सरकार पीआरडी जवानों की समस्याओं और सुविधाओं को लेकर सकारात्मक कदम उठाती रहेगी। आभार व्यक्त करने वालों में क्षेत्रीय युवा अधिकारी शैलेन्द्र यादव के साथ पीआरडी जवान सचिन चौधरी, अभिषेक, राजकुमार चौबे, मुकेश वर्मा, भरत वर्मा, हरभजन, पहाड़ सिंह, अशोक, कैलाश, विनायक, शशिकार, रामस्वरूप, कृपाल सिंह, ब्रजभान और राजेश शामिल रहे। पीआरडी जवानों ने कहा कि बीमा सुरक्षा और दैनिक भत्ते में बढ़ोतरी की घोषणा से जवानों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और वह पहले से अधिक उत्साह के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

नियमित टीकाकरण के लिए किया प्रेरित

प्राथमिक विद्यालय में बच्चों का किया एमआर टीकाकरण



ललितपुर। विकासखंड बिरधा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय तेरा में महानिदेशक परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार विशेष टीकाकरण अभियान के तहत बच्चों का मीजल्स-रूबेला (एमआर) टीकाकरण कराया गया।

अभियान के दौरान कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को एमआर वैक्सीन की खुराक दी गई। विद्यालय में आयोजित विशेष टीकाकरण सत्र के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम के माध्यम से 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए पर्याप्त मात्रा में एमआर वैक्सीन, सीरिज, एनाफाइलेक्सिस किट सहित आवश्यक लॉजिस्टिक की व्यवस्था की गई थी। स्वास्थ्यकर्मियों ने बच्चों का टीकाकरण करने के साथ ही अभिभावकों और विद्यालय स्टाफ को नियमित टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा सभी से बच्चों का टीकाकरण समय पर कराने की अपील की। एएनएम मंजू सेन ने कहा कि बच्चों को गंभीर संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए नियमित टीकाकरण बेहद जरूरी है। वहीं भगवत सिंह बैंस ने कहा कि एमआर वैक्सीन बच्चों को मीजल्स और रूबेला जैसी बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शासन की मंशा के अनुरूप जिले के विद्यालयों में विशेष अभियान चलाकर बच्चों का टीकाकरण कराया जा रहा है। इस अवसर पर एएनएम मंजू सेन, सीएचओ आराम सिंह, भगवत सिंह बैंस, रीतेश यादव, अंजली नायक, सरोज, हरवाई सहित विद्यालय एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अन्य लोग मौजूद रहे। बच्चों एवं उपस्थित लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरुक भी किया गया।

अहिरवार समाज पर अभद्र टिप्पणी का आरोप, एसपी से शिकायत

ऑडियो वायरल होने से समाज में आक्रोश, फूंका पुतला



ललितपुर। सोशल मीडिया पर अहिरवार समाज के प्रति कथित रूप से जातिसूचक एवं आपत्तिजनक शब्दों के प्रयोग का ऑडियो वायरल होने के बाद समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। मामले को लेकर अहिरवार समाज के प्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में बताया गया कि 17 अगस्त को सोशल मीडिया पर एक ऑडियो रिकॉर्डिंग प्रसारित हुई। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि थाना जाखौरा के ग्राम बांसी निवासी लीलाधर दुबे उर्फ कुल्लू दुबे द्वारा अहिरवार समाज के प्रति कथित तौर पर जातिसूचक एवं आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया। आरोप है कि ऑडियो में समाज की महिलाओं के संबंध में भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया, जिससे समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। शिकायतकर्ताओं ने प्रार्थना पत्र में आरोपी को दबंग एवं आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति बताते हुए उसके खिलाफ पूर्व से 50 से अधिक मुकदमे दर्ज होने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से कथित आपत्तिजनक टिप्पणी सामने आने से समाज में असंतोष और रोष का माहौल है।

शिकायतकर्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। अहिरवार समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि वायरल ऑडियो की जांच कराकर आरोपी के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम सहित संबंधित कानूनी धाराओं में कार्रवाई की जाए। साथ ही शिकायतकर्ताओं ने गुंडा एक्ट के तहत भी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की है। एसपी को शिकायत सौंपने वालों में राजेश कुमार खैरा, कुंवरलाल गौतम, तुलसीराम अहिरवार, हेमराज, रोहित चौधरी, राहुल, अनिल धावरी, संजना, सपना गौतम, अर्जुन, सुशील, गब्बर सिंह अहिरवार, कामेश, सुरेंद्र कुमार, सोरे अहिरवार, भरत सिंह, रामदास गौतम आदि मौजूद रहे।

जिला राठौर क्षत्रिय समाज की बैठक

दुर्गादास राठौर की प्रतिमा अनावरण व सामूहिक विवाह की बनी रूपरेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला राठौर क्षत्रिय समाज की बैठक जिलाध्यक्ष चन्द्र शेखर राठौर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समाज के संगठन को मजबूत करने के साथ आगामी सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान समाज के गौरव वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा के भव्य अनावरण तथा आगामी वर्ष अक्षय तृतीया के अवसर पर प्रस्तावित विशाल राठौर आदर्श सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में बताया गया कि वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा पुराने मोटर स्टैंड के पास स्थापित की जा रही है। प्रतिमा के भव्य अनावरण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के लोगों से सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा की गई। वहीं 9 मई 2027, अक्षय तृतीया के अवसर पर विशाल राठौर आदर्श सामूहिक विवाह आयोजित करने को लेकर भी आवश्यक तैयारियों और जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। समाज को और अधिक संगठित एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला राठौर समाज के मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। कुछ पुराने पदाधिकारियों के विभागों में फेरबदल किया गया, जबकि कुछ नए चेहरों को संगठन में जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा जिला ऑडिटर के पद पर भी नए पदाधिकारी की नियुक्ति की गई।

समाज के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि नवनियुक्त पदाधिकारी समाज की एकता, संगठन की मजबूती और आगामी सामाजिक एवं मंगल कार्यक्रमों को सफल बनाने में तन-मन-धन से योगदान देंगे। बैठक में सुरेन्द्र कुमार राठौर ठेकेदार को जिला संयोजक बनाया गया। रामसिंह राठौर ठेकेदार, रघुवीर राठौर नाराहट और रतनलाल राठौर डोंगरा को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी क्रम में विनय राठौर रामनगर को जिला मंत्री, नरेन्द्र राठौर नाराहट को प्रबंधक, मनोज राठौर ऑफसेट को जिला प्रचार मंत्री, रघुवीर राठौर रामनगर को जिला ऑडिटर तथा अजय राठौर बाड़ा को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि शेष मंत्रिमंडल पूर्ववत कार्य करता रहेगा। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने तथा समाज की एकता और सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। यह जानकारी जिला राठौर समाज के मीडिया प्रभारी शिब्बू राठौर पत्रकार ने दी।

जान से मारने की धमकी देने व रुपयों की मांग मारपीट के मामले में तीन वांछित गिरफ्तार



ललितपुर। कोतवाली पुलिस ने अवैध रुपयों की मांग करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

पुलिस के अनुसार तीनों के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह और सीओ सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चण्डी मंदिर के पास निवासी निखिल तिवारी पुत्र राजीव तिवारी, अंकित पुत्र दीपचन्द्र चौधरी उर्फ अहिरवार, उदय पारासर पुत्र स्व. वालकृष्ण पारासर के रूप में हुई है। मामले में वादिया ने शिकायत दी थी कि आरोपियों द्वारा उसके भाई से अवैध रुपयों की मांग की गई। रुपये देने से मना करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर कोतवाली में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान तीनों आरोपी वांछित चल रहे थे। पुलिस टीम ने 18 अगस्त को कार्रवाई करते हुए तीनों वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

इंस्टाग्राम पर फैंसी स्टोर के नाम पर ठगी मनहारी कारोबारी से 26,587 रुपए हड़पे

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र की नई बस्ती निवासी एक मनहारी कारोबारी युवती से इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन सामान खरीदने के नाम पर साइबर ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि इंस्टाग्राम पर फैंसी स्टोर का पेज बनाकर बैठे साइबर ठग ने सामान भेजने का झांसा दिया और फर्जी ट्रांजेक्शन दस्तावेज भेजकर अलग-अलग बहानों से पीड़िता से कुल 26,587 रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। मामले में न्यायालय के माध्यम से एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। नई बस्ती निवासी निहारिका लखेरा पुत्री प्रकाश लखेरा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका परिवार मनहारी का कारोबार करता है और ऑनलाइन भी सामान की खरीद-बिक्री की जाती है। निहारिका के अनुसार 21 फरवरी 2026 की सुबह करीब 8.30 बजे उन्होंने इंस्टाग्राम पर अनुष्का बैंगिल स्टोर नाम के पेज से मनहारी का सामान खरीदने के लिए संपर्क किया था। इसके बाद कथित ढुकानदार ने व्हाट्सएप नंबर के जरिए उनसे चैट और फोन कॉल पर बातचीत शुरू की। शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने सामान की खरीद के लिए भुगतान करने को कहा। पीड़िता ने अपने भाई के मोबाइल फोन से आरोपी द्वारा भेजे गए स्कैनर पर 1,200 रुपये का भुगतान किया। भुगतान के बाद आरोपी ने रकम पेंडिंग होने की बात कही और फर्जी ट्रांजेक्शन दस्तावेज भेजकर दोबारा 1,299 रुपये जमा करने को कहा। आरोपी ने भरोसा दिलाया कि पहले भेजी गई रकम वापस कर दी जाएगी। इसके बाद आरोपी ने अलग-अलग स्कैनर भेजकर पीड़िता से कभी 2,499 रुपये, तो कभी 4,998 रुपये सहित कई बार रकम ट्रांसफर कराई। इस तरह कथित ठग ने अलग-अलग बहाने बनाकर कुल 26,587 रुपये हड़प लिए। लगातार पैसों की मांग से परेशान होकर जब निहारिका ने आगे रकम भेजने से इनकार किया और वाट्सएप कॉल के जरिए बात की तो आरोपी ने कथित तौर पर धमकी दी कि यदि 4,999 रुपये और नहीं भेजे गए तो उसका खाता लॉक हो जाएगा और पहले भेजी गई पूरी रकम डूब जाएगी।

नियमित दवा और पौष्टिक आहार लेने की समझाइश दी गई

रेडक्रॉस सोसाइटी ने टीबी मरीजों को बांटी पोषण पोटली

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला क्षय रोग नियंत्रण केंद्र पर रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। इसका उद्देश्य टीबी मरीजों के पोषण स्तर में सुधार कर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना और उपचार के दौरान उन्हें आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना रहा।

इस दौरान रेडक्रॉस सोसायटी सचिव डा.एसपी पाठक ने कहा कि पोषण पोटली वितरण का मुख्य उद्देश्य मरीजों के पोषण स्तर को बेहतर बनाकर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों की बेहतर सेहत के लिए उन्हें गोद लेने की योजना भी संचालित की जा रही है। आमजन, अधिकारी और समाजसेवी संगठन टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके उपचार और पोषण में सहयोग कर सकते हैं। मरीजों को गोद लेने के बाद उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए पोषण किट उपलब्ध कराई जाती है। क्षय रोग अधिकारी डा.आरएन सोनी ने कहा कि टीबी पूरी तरह इलाज योग्य बीमारी है। इसके लिए जरूरी है कि मरीज नियमित रूप से दवाओं का सेवन करें और पर्याप्त एवं पौष्टिक आहार लें। उन्होंने कहा कि पोषण पोटली जैसी पहल मरीजों के उपचार को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विभाग का प्रयास है कि प्रत्येक मरीज को दवा के साथ पर्याप्त पोषण भी मिले, जिससे वह जल्द स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौट सके। उप जिला क्षय रोग अधिकारी डा.धीरेन्द्र वैद्य ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान की सफलता के लिए समुदाय की सहभागिता बेहद जरूरी है। उन्होंने आमजन से टीबी मरीजों को गोद लेकर निःक्षय मित्र बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि निःक्षय मित्र बनकर लोग टीबी मरीजों के पोषण में सुधार लाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि उच्च जोखिम वाले ग्रामों में शिविर लगाकर टीबी की स्क्रीनिंग की जा रही है। जरूरतमंद लोगों के एक्स-रे परीक्षण एवं उपचार की व्यवस्था भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी रहना, वजन कम होना, बुखार, सीने में दर्द, शरीर में गांठ, रात में पसीना आना, अत्यधिक थकान, बलगम में खून आना तथा लगातार बलगम वाली खांसी टीबी के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर बिना देरी किए जांच करानी चाहिए। डा.आरएन सोनी ने आमजन से अपील की कि टीबी की जांच और उपचार सभी सरकारी चिकित्सालयों में निःशुल्क उपलब्ध है। किसी भी व्यक्ति में टीबी के लक्षण दिखाई दें तो तत्काल नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच कराएं और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार उपचार शुरू करें। वाइस चेयरमैन अजय बरया, डा.दीपिका चौबे, डा. मनवीर सिंह तोमर, रजनीश चडढा, डा.अनिल जैन, राजेश लिटौरिया, मेडिकल ऑफिसर डा.विजय द्विवेदी, पीपीएम आदेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

अस्पताल में भर्ती सैकड़ों मरीज और अटेंडर हो रहे हैं परेशान

जिला अस्पताल के कई टॉयलेट व शौचालय तालों में कैद कर रखे





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर, संसाधनों की यदि बात की जाए तो राजगढ़ जिला चिकित्सालय भोपाल, इंदौर के बड़े निजी अस्पतालों से काफी बेहतर है। लेकिन, जहां बात डॉक्टरों की उपलब्धता, मरीजों के ईलाज और सुविधाओं की आती है वहां कई तरह के प्रश्न चिन्ह हमेंशा खड़े हो जाया करते हैं। शासन द्वारा राजगढ़ मुख्यालय पर जिला अस्पताल के रूप में भव्य इमारत का निर्माण अलबत्ता करवा दिया गया है लेकिन मरीजों और अटेंडरों को अभी भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब एक नई समस्या से मरीज और साथ आए परिजन काफी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। दरअसल, जिला अस्पताल में मरीजों और अटेंडरों के लिए बनाए गए बहुत से टॉयलेट और शौचालयों में ताला लगवा दिया गया है। ये ताले किसने और क्यों लगवाए यह एक बड़ी जांच का विषय है। इन टॉयलेट और शौचालयों का निर्माण भर्ती मरीजों की संख्या के मान से किया गया था। ऐसे में सिर्फ कुछेक टॉयलेट और शौचालयों के खुला होने और बाकी में ताला लगा होने से आमजन खासे परेशान हैं।

मेल, फीमेल वार्डों में लगे हैं ताले

जिला अस्पताल के फस्ट फ्लोर(प्रथम तल) पर मेल जनरल, फीमेल जनरल के दो-दो वार्ड हैं। इनमें 80 पेंशेंट भर्ती रहते हैं। इसके साथ ही अस्सी पेंशेंट के साथ एक-एक अटेंडर भी साथ रहता है। इसी फ्लोर पर पुरुष वार्ड का एक टॉयलेट खुला हुआ है लेकिन दूसरे में ताला लगवा दिया गया है। जो टॉयलेट खुला हुआ है उसके अंदर के दो शौचालयों के गेटों पर भी ताले लगे हुए हैं। इसी तरह की स्थिति महिला वार्ड के टॉयलेट की भी है। एक टॉयलेट ओपन है लेकिन दूसरे टॉयलेट में ताला लगवा दिया गया है। यह हालात सिर्फ पहली मंजिल तक ही सीमित नहीं है बल्कि पहली मंजिल से नीचे आने पर सीढ़ियों के ठीक सामने एक पुरुष शौचालय में ताला लगाा हुआ है।

आखिर किसने लगवाए हैं ये ताले

यहां सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर टॉयलेट में ये ताले किसने लगवाए हैं। स्वच्छताकर्मियों की आउटसोर्स एजेंसी के मैनेजर सोम कलोसिया के अनुसार उनके किसी भी एम्प्लाय के द्वारा ऐसा नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि अस्पताल के स्टाफ ने ही ऐसा किया हुआ है ताकि वे साफ-स्वच्छ टॉयलेट में जा सकें।

ताले स्टाफ के कारण लगाए थे

कुछ टॉयलेट में ताले स्टाफ के कारण लगाए थे। रिफ्रेश के लिए स्टाफ कहां जाएगा। सभी वार्डों की बात करें तो जनता को भी अवेयर होना पड़ेगा। सफाई के आधे घंटे बाद भी टॉयलेट को देखें तो फिर गंदे कर दिए जाते हैं। नलों की टोटियां, पाईप तक लोग बाथरूमों में से चुरा ले गए। फिर भी मै प्रथम तल के वार्डों के टॉयलेट ओपन करवाता हूं। सभी के सहयोग से ही अस्पताल का बेहतर तरीके से संचालन हो पाएगा।

- डॉ. अमित कोली
आरएमओ, जिला अस्पताल, राजगढ़

लापरवाहियों पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

रीडर को सस्पेंड किया, जिला कोषालय अधिकारी सहित 2 को नोटिस थमाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टोरेट सभागार में सोमवार दोपहर समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने जिला कोषालय अधिकारी प्रहलाद ढोढरिया एवं जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.के अहिरवार को शोकाज नोटिस प्रदान करने के तल्ख निर्देश प्रदान किए। ब्यावरा जनपद द्वारा शिकायतों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जपं सीईओ को अगली टीएल बैठक में स्वयं उपस्थित होकर स्थिति प्रस्तुत करने तथा 7 दिवस में लंबित शिकायतों की प्रगति रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। इसी तरह अमरगढ़ में खराब प्रदर्शन पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने रीडर को सस्पेंड करने के साथ ही पीठासीन अधिकारी को भी बदलने अधीनस्थों को निर्देश प्रदान किए।

राजस्व शिकायतों के निराकरण में सख्ती के निर्देश

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन से संबंधित शिकायतों के निराकरण में राजस्व अधिकारी पूरी तरह सजग एवं गंभीर रहें। लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी पर करें कार्रवाई

बैठक के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में खाद्य सुरक्षा अधिकारी की लापरवाही पाए जाने एवं एनालॉग पनीर की जब्ती का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की एवं संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पेट्रोल पंपों से संबंधित शिकायतों, विशेषकर ईंधन में पानी की मिलावट के मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित समिति को सख्ती से निगरानी करने तथा शिकायत मिलने पर नियमानुसार जांच एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

दो में से एक आईसीयू शुरू नहीं हुआ

सिविल अस्पताल भगवान भरोसे! आईसीयू और पीआईसीयू की व्यवस्थाओं पर सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

अस्पताल में दो आईसीयू वार्ड होने के बावजूद इनमें से सिर्फ एक के संचालित होने की बात सामने आई है, जबकि दूसरा आईसीयू वार्ड तैयार होने के बाद भी अब तक शुरू नहीं हो सका है। वहीं बच्चों के लिए बनाया गया पीआईसीयू वार्ड भी नियमित रूप से 24 घंटे संचालित नहीं होता हैं। सबसे गंभीर मामला शनिवार को सामने आया, जब अस्पताल के पीआईसीयू वार्ड में मौसमी बीमारी, निमोनिया और अन्य संक्रमण से पीड़ित छोटे-छोटे बच्चे भर्ती थे। बच्चों को उपचार के दौरान बोतल, इंजेक्शन सहित अन्य चिकित्सकीय सुविधाएं दी जा रही थीं। लेकिन परिजनों के अनुसार रात करीब 8 बजे पीआईसीयू बंद करने की बात कही गई। बच्चों को बोतल लग रही थी और स्टॉप नर्स बोलती हुई आई के जिसको बोतल नहीं लगी उसकी बोतल भी नीचे वार्ड में लगेगी और जिनको बोतल लग रही उनको भी बोतल नीचे लगेगी और छोटे बच्चों के हाथों से बोतल नली निकाल दी और परिजनों को दे दिया और कहा ले चलो नीचे वार्ड में लगवा लो।

स्थिति यह बनी कि छोटे बच्चों को गोद में उठाकर उनके परिजन हाथ में बोतल और निडिल लेकर सामान्य वार्ड की ओर जाते दिखाई दिए। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि जब बच्चों के लिए अलग से पीआईसीयू वार्ड बनाया गया है और उसमें गंभीर अथवा विशेष निगरानी की आवश्यकता वाले बच्चों को भर्ती किया जा रहा है, तो रात के समय उसकी सेवाएं बंद करने की व्यवस्था क्यों है? यदि पीआईसीयू को 24 घंटे संचालित करने की आवश्यकता है, तो रात्रिकालीन व्यवस्था के लिए पर्याप्त नर्सिंग स्टाफ और अन्य संसाधन क्यों उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं?

मौसम बदलते ही बढ़ रहे बीमारी के मामले: वर्तमान में मौसम में नमी और बदलाव के कारण वायरल संक्रमण, सर्दी-जुकाम, बुखार, निमोनिया सहित कई मौसमी बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं। सबसे ज्यादा छोटे बच्चे और बुजुर्ग इसकी चपेट में आ रहे हैं। अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा बच्चों का उपचार किया जा रहा है, लेकिन यदि बच्चों को भर्ती करने के बाद रात में पीआईसीयू जैसी सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है तो अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। परिजनों का कहना है कि वे अपने बीमार बच्चों को बेहतर उपचार की उम्मीद में अस्पताल लेकर आते हैं। अस्पताल में भर्ती होने के बाद उन्हें यह भरोसा रहता है कि बच्चे को 24 घंटे चिकित्सकीय निगरानी और आवश्यक उपचार मिलेगा। लेकिन यदि रात 8 बजे के बाद पीआईसीयू की सुविधा बंद हो जाती है और बच्चों को सामान्य वार्ड में ले जाने के लिए कहा जाता है, तो विशेष वार्ड बनाने और उस पर खर्च किए गए सरकारी बजट का उद्देश्य ही सवालों के घेरे में आ जाता है।

दो आईसीयू में एक ही चालू दूसरा अब तक नहीं हुआ शुरू: सिविल अस्पताल में दो आईसीयू वार्ड होने की जानकारी सामने आई है। इनमें से एक आईसीयू संचालित हो रहा है, जबकि दूसरा आईसीयू वार्ड तैयार होने के बावजूद अब तक शुरू नहीं हुआ है। अस्पताल में आने वाले गंभीर मरीजों की संख्या को देखते हुए दोनों आईसीयू का संचालन क्यों नहीं हो रहा, यह भी जांच का विषय है। यदि भवन, उपकरण और अन्य संसाधन उपलब्ध हैं तो स्टाफ या अन्य व्यवस्थाओं के अभाव में सुविधा शुरू नहीं होना मरीजों के हित में गंभीर समस्या मानी जा सकती है।

लिफ्ट बनी शोपीस, सीढ़ियां चढ़ने को मजबूर डायलिसिस मरीज: अस्पताल की एक अन्य महत्वपूर्ण सुविधा भी सवालों के घेरे में है। मरीजों और उनके परिजनों के अनुसार अस्पताल में लगी लिफ्ट का नियमित उपयोग नहीं हो पा रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर डायलिसिस कराने आने वाले मरीजों पर पड़ रहा है। डायलिसिस जैसे उपचार के लिए आने वाले मरीजों को सीढ़ियों के सहारे ऊपर जाना पड़ता है। ऐसे मरीजों में कई कमजोर और गंभीर स्थिति वाले होते हैं, जिन्हें सीढ़ियां चढ़ने में परेशानी हो सकती है। जब अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए लाखों रुपये खर्च कर लिफ्ट स्थापित की गई है तो उसका संचालन सुनिश्चित करना अस्पताल प्रबंधन की प्राथमिकता होनी चाहिए। लिफ्ट बंद रहने से मरीजों को होने वाली परेशानी के साथ ही सरकारी संसाधनों के उपयोग पर भी सवाल उठ रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार बजट जारी किया जाता है। अस्पतालों में आईसीयू और पीआईसीयू , डायलिसिस, आधुनिक उपकरण और अन्य सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

इनका कहना है...
मामले की जानकारी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. केएन भीलवारे को दी गई। उन्होंने बताया कि उन्होंने अभी कुछ दिन पूर्व ही कार्यभार संभाला है। उन्होंने कहा, मैं मामले को दिखवाता हूं।

शुरू की तीन दिवसीय कलमबंद हड़ताल

अब ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में उतरे कृषि अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शिक्षक समुदाय के बाद अब कृषि विभाग के कर्मचारी भी ऑनलाईन अटेंडेन्स का खुलकर विरोध कर रहे हैं। इसी कड़ी में मप्र कृषि विस्तार अधिकारी संघ के बैनर तले जिले के सभी ब्लॉकों के कृषि विस्तार अधिकारियों ने ऑनलाइन अटेंडेन्स सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर सोमवार से तीन दिवसीय कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी।

इस विरोध प्रदर्शन के तहत सभी कृषि विस्तार अधिकारी उप-संचालक कृषि के दफ्तर पहुंचे और नारेबाजी करते कार्यालय के सम्मुख ही धरना देकर बैठ गए। संघटन जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, जिला महामंत्री सचिन परमार ने बताया कि सभी कृषि विस्तार अधिकारी दिन, रात न देखते हुए लगन से फील्ड सहित अन्य शासकीय कार्यों में जुटे रहते हैं। इसके बावजूद शासन द्वारा ईएचआरएमएस प्रणाली के तहत ई-अटेंडेन्स अनिवार्य की गई है। यह ई-अटेंडेन्स उन कर्मचारियों, अधिकारियों के लिए उचित रहती है जो सुबह 10 से शाम 6 बजे तक दफ्तर में बैठते हैं लेकिन हमारा काम तो फील्ड का है। कभी-कभी सुबह 7 बजे भी हमें खेतों में जाना पड़ता है और उधर, रात हो जाया करती है। ऐसे में ई-अटेंडेन्स की अनिवार्यता कृषि विस्तार अधिकारियों के लिए व्यवहारिक नहीं है।



यह भी हैं मांगें

हड़ताली कर्मचारियों की अन्य मांगों में गेड-पे 2800 रुपए करना, वर्तामान में दिए जा रहे 500 रुपए के भत्ते को बढ़ाकर 5 हजार रुपए करना है। हड़ताली कृषि विस्तार अधिकारियों में संघटन उपाध्यक्ष राकेश परमार, शिल्पा कराड़े, लितिका तिवारी, बलवान परमार, संदीप नागर, अरविंद मेवाड़ा, कृष्णपाल भाटी, आंकाक्षा गुप्ते सहित अन्य शामिल हैं।

एलईडी पर प्रसारित किया मुख्यमंत्री का संदेश

राशि के इंतजार में जिले की 2 लाख 93 हजार लाड़ली बहनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

गृहणियों, महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने और घर की छोटी-मोटी जरूरतों की पूर्णता के लिए शुरू की गई लाड़ली बहना योजना की इस जुलाई माह की किश्त अभी तक पात्र महिलाओं के खातों में नहीं आई है। योजना के तहत प्रत्येक पात्र महिला को अब डेढ़ हजार रुपए प्रतिमाह रुपए प्रदान किए जाते हैं लेकिन इस माह 16 तारीख निकल जाने के बाद भी गृहणियां, पात्रताधारी महिलाएं राशि का इंतजार कर रही हैं। आपको बतादें कि राजगढ़ जिले में इस योजना के तहत लगभग 2 लाख 93 हजार महिलाओं को हर माह डेढ़ हजार रुपए प्रदान किए जाते हैं। अमूमन हर माह की 10 से 12 तारीख के बीच में महिलाओं के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से यह राशि शासन द्वारा प्रदान कर दी जाती है लेकिन इस माह अभी तक कोई राशि पात्र गृहणियों के एकाउन्ट में नहीं आई है। इस बारे में जिले के अधिकारियों से बात करने पर उनका कहना था कि स्वतंत्रता दिवस के आयोजनों की व्यवस्ता इत्यादि के कारण इस माह राशि हस्तांतरण कुछ लेट हुआ है। गत वर्ष की बात करें तो शासन ने रक्षाबंधन को देखते हुए योजना के तहत मिलने वाली राशि के अलावा 250 रुपए अतिरिक्त रुपए महिलाओं के खातों में डाले थे। आगामी 28 फरवरी को रक्षाबंधन का त्यौहार है। ऐसे में पात्र महिलाओं द्वारा कयास लगाए जा रहे हैं कि संभवतः इस वर्ष भी 250 रुपए अतिरिक्त उनके खातों में आएंगे। हालांकि, इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टी नहीं हुई है।

हाईवे किनारे घायल अवस्था में मिला व्यक्ति, अस्पताल में मृत घोषित किया



सारंगपुर। सोमवार रात करीब 2 बजे टेंचिग ग्राउंड के पास हाईवे रोड पर एक अज्ञात व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर 112 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल सारंगपुर लाया गया। अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर ने जांच के बाद व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को अस्पताल की मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया गया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि घटना की सूचना संबंधित पुलिस को भी दी गई है। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि व्यक्ति हाईवे के पास घायल अवस्था में कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए आसपास के क्षेत्र में जानकारी जुटा रही है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं होने से उसके परिजनों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस द्वारा पहचान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उल्लास के साथ नोबल पब्लिक स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नोबल पब्लिक स्कूल, मन्दसौर में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव से ओत-प्रोत भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. प्रतिभा श्रीवास्तव एवं नागेन्द्र श्रीवास्तव ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय के डायरेक्टर मोहम्मद साबिर खान, प्राचार्य डॉ. सौरभ दुबे एवं सचिव सईद खेड़ावाले ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं भाषण प्रस्तुत किए। विद्यालय परिसर में राष्ट्रप्रेम, एकता और देशभक्ति का उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। अतिथियों ने विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता एवं प्रगति में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समीर खान ने कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।





सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में बीएड एवं डीएलएड के नवागत विद्यार्थियों के लिए प्रज्ञोदय कार्यक्रम आयोजित

'आप शिक्षा को समय दोगे तो शिक्षा आपका समय बदल देगी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर



सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय,मंदसौर में बी. एड. एवं डी. एल. एड. प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्राध्यापकों के लिए प्रज्ञोदय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सचिव अशोक पारीख, मुख्य अतिथि विद्या भारती मालवा नगरीय शिक्षा के प्रान्त प्रमुख पंकज पंवार, विशिष्ट अतिथि भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष राजदीप परवाल एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. योगिता सोमानी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन, सरस्वती पूजन, माल्यार्पण व सरस्वती वंदना कर किया गया। कार्यक्रम की भूमिका महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. योगिता सोमानी ने महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी दी साथ ही उन्होंने कहा कि अगर आप शिक्षा को समय दोगे तो शिक्षा आपका समय बदल देगी। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि पंकज पंवार ने अपने ओजस्वी विचार छात्राध्यापकों के समक्ष रखते हुए कहा कि पूर्व काल से गुरु को परमपिता से पहले पूजा जाता है क्योंकि परमपिता तक पहुँचने का माध्यम शिक्षक ही है। उन्होंने बताया कि शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है और आप भावी शिक्षक इसी सीढ़ी पर चढ़ने जा रहें हो सआपको अपने कार्य को करना नहीं बल्कि उसे जीना है । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राजदीप परवाल ने संस्थान दर्शन के साथ-साथ सभी को विद्या भारती के कार्यो और देश व समाज के प्रति कर्तव्यों से अवगत करवाया। कार्यक्रम का संचालन बी. एड. तृतीय सेमेस्टर के छात्राध्यापक लक्षित श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के अंत में आभार महाविद्यालय की सहायक प्राध्यायक डॉ. कृतिका माथुर द्वारा दिया गया।